एम.ए.एच.आई.

एम.ए. (इतिहास)

# सत्रीय कार्य
# 2025

जनवरी 2025 सत्र के लिए

पाठ्यक्रम कोड : एम.एच.आई.-108

## भारतीय उपमहाद्वीप के पर्यावरण इतिहास

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

इतिहास संकाय
सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110 068

# सत्रीय कार्य
# एम.एच.आई.-108
# भारतीय उपमहाद्वीप के पर्यावरण इतिहास
# जनवरी 2025 सत्र के लिए

प्रिय विद्यार्थी,

आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य अनिवार्य हैं। प्रत्येक सत्रीय कार्य पूरे पाठ्यक्रम पर आधारित है।

सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर आप अपने शब्दों में दें। यह अत्यंत आवश्यक है कि प्रश्न का उत्तर जितने शब्दों में देने के लिए कहा जाए उसका उत्तर लगभग उतने ही शब्दों में दीजिए।

सत्रीय कार्य पूरा करने के बाद आप इसे अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास जमा करें। सत्रीय कार्य जमा करने के बाद इसकी पावती अवश्य प्राप्त कर लें और इसे अपने पास संभाल कर रख लें। अच्छा हो कि आप अपने सत्रीय कार्यों के उत्तर की फोटोकॉपी भी अपने पास रख लें।

सत्रीय कार्यों के उत्तर जाँचने के बाद जाँचे गये उत्तर अध्ययन केन्द्र से आपको लौटा दिए जाएँगे। आप इसकी माँग अवश्य करें। अध्ययन केन्द्र आपके द्वारा प्राप्त अंक **विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, दिल्ली** को भेज देगा। इसे आपके ग्रेड कार्ड में शामिल कर लिया जाएगा।

## सत्रीय कार्य जमा करना

आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सत्रांत परीक्षा देने से पहले आप सत्रीय कार्य अवश्य जमा करा दें। इसलिए आपको यह सलाह दी जाती है कि आप इसे दी गई अवधि के भीतर पूरा कर लें। सभी सत्रीय कार्यों को जमा करने की अंतिम तारीख में आपको काफी समय दिया गया है लेकिन आपको हम यह सलाह देना चाहते हैं कि आप अपने पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ-साथ इसे बारी-बारी से पूरा करते चलें और इसी हिसाब से आप उसे जमा भी करते जाएँ ताकि आपको अंक, परामर्शदाता की टिप्पणी और मूल्यांकित सत्रीय कार्य मिलते रहें। सुनियोजित ढंग से योजना बनाकर आप निर्धारित अवधि के भीतर अपने सारे सत्रीय कार्य पूरे कर सकते हैं। सभी सत्रीय कार्यों को जमा करने के लिए अंतिम तारीख का इंतजार नहीं करें क्योकि एक ही साथ सारे सत्रीय कार्यों को हल करना आपके लिए मुश्किल हो जाएगा। सत्रीय कार्य जमा करने की निर्धारित तिथियाँ नीचे सारणी में दी गई हैं:

| **सत्र** | **सत्रीय कार्य जमा करने की तारीख** | **सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान** |
|---|---|---|
| **जनवरी 2025 सत्र के विद्यार्थियों के लिए** | **30 अप्रैल, 2025** | अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास |

सवालों का जवाब देने से पहले नीचे दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए:

## सत्रीय कार्य के लिए निर्देश

इन सत्रीय कार्यों में दो तरह से सवाल पूछे जाएँगे:

1) प्रत्येक **विवरणात्मक और निबंधात्मक प्रश्नों** का उत्तर लगभग **500 शब्दों** में देना होगा और प्रत्येक प्रश्न के लिए **20 अंक** निर्धारित होंगे।

2) प्रत्येक **लघु श्रेणी प्रश्नों** का उत्तर लगभग **250 शब्दों** में देना होगा और प्रत्येक प्रश्न के लिए **10 अंक** निर्धारित होंगे।

निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखने से आपके लिए उत्तर देना आसान होगाः

क) **नियोजन** : सत्रीय कार्यों को ध्यान से पढ़िए। उन इकाइयों को ध्यान से पढ़िए जिनसे ये सवाल पूछे गए हैं। प्रत्येक सवाल का जवाब देने के लिए कुछ प्रमुख बिन्दुओं को अलग से लिख लें और इन्हें तार्किक ढंग से फिर से व्यवस्थित कर लें।

ख) **चयन** : अपने जवाब की रूपरेखा बनाते समय जरूरी बातों का ही उल्लेख करें। उत्तर को विश्लेषणात्मक बनाएँ। निबंधात्मक प्रश्न में प्रस्तावना और निष्कर्ष अवश्य शामिल करें। प्रस्तावना के अन्तर्गत उत्तर के प्रमुख पक्षों को प्रस्तुत करें और यह बताएँ कि आप इस सवाल का जवाब किस तरह से देने जा रहे हैं। अपने उत्तर के उपसंहार में मुख्य बिन्दुओं का सार भी दें।

उत्तर देते वक्त इस बात का ध्यान रखें किः

- आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत हो,
- वाक्यों और अनुच्छेद के बीच स्पष्ट संबंध हो,
- आपकी शैली, अभिव्यक्ति और प्रस्तुति के साथ-साथ आपके उत्तर भी सही हों
- यह चेष्टा करें कि आपके उत्तर शब्द सीमा से अधिक न हों।

ग) **प्रस्तुति** : जब आप संतुष्ट हो जाएँ तो सत्रीय कार्य जमा करने से पहले इसे साफ-साफ लिख लें। जिन बिंदुओं पर आप बल देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित भी कर सकते हैं।

घ) **व्याख्या** : इतिहास लेखन में व्याख्या एक निंरतर प्रक्रिया है। यह आपकी योजना और चयन में पहले ही अभिव्यक्त हो चुका है। "हो सकता है", "संभव है", "हो सकता था", आदि जैसी व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ खुद ब खुद लेखन में व्याख्या के तथ्य शामिल कर लेती हैं। यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि इस प्रकार की टिप्पणियों के साथ-साथ आपके उत्तर में इसे पुष्ट करने वाले तथ्य भी शामिल होने चाहिए।

शुभकामनाओं के साथ,
**इतिहास संकाय**

# एम.एच.आई.-108: भारतीय उपमहाद्वीप के पर्यावरण इतिहास
## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : एम.एच.आई.-108

सत्रीय कार्य कोड : एम.एच.आई.-108/ए.एस.टी./टी.एम.ए./जनवरी, 2025

पूर्णांक : 100

नोट : **किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखें। सत्रीय कार्य दो भागों में क एवं ख में विभाजित है। आपको प्रत्येक भाग से कम से कम दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में लिखने हैं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।**

### भाग-क

1. पर्यावरण इतिहास के अंतःविषयक चरित्र पर एक टिप्पणी लिखिए। 20

2. भारतीय उपमहाद्वीप में मानसून के महत्व का परीक्षण कीजिए। 20

3. घास के मैदानों के इतिहास की आलोचनात्मक जाँच कीजिए। 20

4. पूर्व-औपनिवेशिक भारत में वनों की प्रकृति कैसी थी? पूर्व-औपनिवेशिक भारत में वनों की कटाई पर चर्चा कीजिए। 20

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर **लगभग 250 शब्दों में** संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए: 10+10

   (i) पवित्र उपवन

   (ii) शिकार

   (iii) पुरा-पर्यावरण और अनुकूलन

   (iv) पहाड़ियाँ और पर्वत

### भाग-ख

6. पारिस्थितिकीय साम्राज्यवाद शब्द की व्याख्या कीजिए। 20

7. प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन से कई बार आजीविका का नुकसान होता है। उदाहरणों के साथ समझाइए। 20

8. कोलकाता की पारिस्थितिकी के प्रबंधन में औपनिवेशिक ज्ञान प्रणाली की भूमिका पर चर्चा कीजिए। 20

9. भारत में प्राचीन एवं मध्यकालीन काल में आई प्राकृतिक आपदाओं पर एक टिप्पणी लिखिए। 20

10. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर **लगभग 250 शब्दों में** संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए: 10+10

    (i) दिल्ली के शहर

    (ii) मानव वन्यजीव संघर्ष

    (iii) भोपाल गैस त्रासदी

    (iv) जलवायु परिवर्तन